# माइक्रोसॉफ्ट ने किया Phi-3-Mini का अनावरण

[स्रोत : इंडियन एक्सप्रेस](#)

हाल ही में माइक्रोसॉफ्ट ने **ओपन एआई मॉडल** के हिस्से के रूप में **Phi-3-Mini** का अनावरण किया, जिसे सक्षम और लागत प्रभावी **लघु भाषा मॉडल (Small Language Model- SLM)** के रूप में डिज़ाइन किया गया है।

- SLM **भाषा से संबंधित कार्यों जैसे पाठ वर्गीकरण, प्रश्न उत्तर, पाठ निर्माण** आदि को हल करने के लिये मौजूदा डेटा पर प्रशिक्षित एआई सिस्टम हैं।
- कथित तौर पर Phi-3-Mini **भाषा, तर्क, कोडिंग और गणित** जैसे प्रमुख क्षेत्रों में समान आकार वाले और यहाँ तक कि बड़े मॉडल से भी बेहतर प्रदर्शन करता है।
- Phi-3-Mini अपनी श्रेणी का पहला मॉडल है जिसकी गुणवत्ता पर बहुत कम प्रभाव के साथ **128K टोकन तक की कॉन्टेक्स्ट विंडो** है।
    - किसी भी समय एआई द्वारा पढ़ी और लिखी जा सकने वाली चर्चा की मात्रा को कॉन्टेक्स्ट विंडो कहा जाता है और इसे टोकन में मापा जाता है।
- माइक्रोसॉफ्ट ने दस लाख से अधिक किसानों को लाभ पहुँचाने वाले किसान-केंद्रित एप **कृषि मित्र को** विकसित करने में चल रही साझेदारी के लिये Phi-3-Mini का उपयोग करते हुए इंपीरियल टोबैको कंपनी (ITC) के साथ सहयोग किया है।

**और पढ़ें: माइक्रोसॉफ्ट का Phi-2: छोटा मॉडल**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/microsoft-unveils-phi-3-mini